# कम्प्यूटर एप्लीकेशन विभाग
# प्रतिवेदन
## सत्र - 2022-23

| क्र. | संचालित कोर्स के नाम | स्थापना सत्र |
|---|---|---|
| 1 | **BCA** | 2013 |
| 2 | **PGDCA** | 2010 |
| 3 | **DCA** | 2013 |
| 4 | **DFA(Tally)** | 2016 |

## गतिविधियां –

**शिक्षक दिवस** ->दिनांक 5 सितम्बर 2022 को कंप्यूटर एप्लीकेशन विभाग के बी.सी.ए. के बच्चो के द्वारा हर्षोल्लास से शिक्षक दिवस मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों द्वारा विभिन्न कार्यक्रम किए गए जिनमें गुरुश्लोक तथा गीत प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के द्वारा विभागाध्यक्ष एवं समस्त स्टाफ का स्वागत किया गया। इस समारोह में कंप्यूटर एप्लीकेशन एवं कम्प्यूटर साइंस विभाग के समस्त स्टाफ उपस्थित थे।




**<u>अंतराष्ट्रीय साक्षरता दिवस</u> .** अंतराष्ट्रीय साक्षरता दिवस **दिनांक** 8 **सितंबर** 2022 **को** मनाया जाता है। साक्षरता दिवस के अवसर पर शासकीय दिग्विजय स्वशासी पी.जी. महाविद्यालय के **कंप्यूटर एप्लीकेशन विभाग के द्वारा इंटरनेशनल लिटरेसी डे का आयोजन किया गया इस अवसर पर कंप्यूटर एप्लीकेशन विभाग अध्यक्ष श्रीमती हेमपुष्पा ने** अंतराष्ट्रीय **साक्षरता दिवस के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी एवं शिक्षा के महत्व को बताया** । उक्त दिवस **पर** विद्यार्थियों के लिए **क्विज प्रतियोगिता का आयोजन** कर विद्यार्थियो को 06 समूह में विभाजित किया गया । **जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया**।




<u>**अतिथि व्याख्यान**</u> :– NIMCET विषय पर दिनांक 22.10.2022 को कम्प्यूटर एप्लीकेषन विभाग के द्वारा बी.सी.ए.(Bachelor of Computer Application) के विद्यार्थियों के लिए अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं प्रवक्ता के रूप में श्री कार्तिकेय पाण्डेय, डायरेक्टर/मेंटर एवं श्री निखिल पाण्डेय फैकल्टी ACME Academy Raipur से उपस्थित थे। कार्यक्रम के षुभारंभ में विभागाध्यक्षा श्रीमती हेमपुष्पा, कम्प्यूटर एप्लीकेषन एवं विभागाध्यक्ष श्री राजू खूंटे के द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर किया गया। प्रवक्ता, पाण्डेय सर द्वारा NIMCET विषय पर अत्यंत महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई , यह MCA में प्रवेष पाने के लिए एक Entrance Exam होती है जो सिर्फ बी.सी.ए के विद्याथियों के लिए आयोजित की जाती है। इस विषय पर उन्होंने बताया कि जो बच्चें ग्रेजुएषन के MCA बाद करना चाहते है और आई.टी. के क्षेत्र में अपना भविष्य बनाना चाहते है, वह इस परीक्षा को पास का देष के किसी भी NIT College में प्रवेष ले सकते है। साथ ही साथ परीक्षा के लिए किस प्रकार से तैयारी करनी है, इस बारे में भी बताया ।







**अतिथि व्याख्यान :–** दिनांक 28.11.2022 को कम्प्यूटर एप्लीकेषन विभाग एवं प्राचार्य महोदय के मार्गदर्शन के द्वारा पी.जी.डी.सी.ए. के विद्यार्थियों के लिए Software Development विषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य प्रवक्ता के रूप में श्री दीपक दास मानिकपुरी, सहायक प्राध्यापक, भिलाई महिला महाविद्यालय, भिलाई से उपस्थित हुए। विभागाध्यक्ष श्रीमती हेमपुष्पा, कम्प्यूटर एप्लीकेषन के द्वारा अतिथि का स्वागत किया गया। व्याख्यान में अतिथि व्याख्यता के द्वारा विभिन्न प्रकार के कम्पयूटर भाषाओं के बारे में बताया गया जिसके सहयोग एवं उसके नियम को पालन करते हुए हम एक गुणवत्तापुर्ण साफटवेयर विकसित कर सकते है। कम्प्यूटर भाषाएं में प्रयोग किये जाने वाले नवीनतम मैथड्स , डेटाबेस के बारे में भी अधिक जानकारी प्रदान किया गया। जो कि विद्यार्थियों को वेबसाइट या साफट्वेयर बनाने के लिए उपयोगी साबित होगा। इस अवसर पर पी.जी.डी.सी.ए के विद्यार्थी एवं समस्त गेस्ट लेक्चरर, उपस्थित रहे।





**कौषल विकास कार्यक्रम** :– कम्प्यूटर एप्लीकेषन विभाग एवं प्राचार्य महोदय के मार्गदर्षन पर दिनांक 22.01.2023 को बी.सी.ए. के विद्यार्थियों के लिए कौषल विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में श्री दिलीप कुमार साहू, सहायक प्राध्यापक शासकीय वी.वाई.टी. स्वषासी महाविद्यालय से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत विभागाध्यक्षा श्रीमती हेमपुष्पा के द्वारा अतिथि को पुष्प भेंट कर किया गया। कौषल विकास कार्यक्रम अंतर्गत उन्होंनें Object Oriented Programming Techniques के बारे में बच्चों को जानकारी दिया। इस टेक्निक के अंतर्गत प्रोग्रामिंग लैग्वेज के बारे में छात्र–छात्राओं को विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान की गई तथा आज के दौर में साफट्वेयर डेवलेपमेंट में आब्जेक्ट ओरिएंटेड प्रोग्रामिंग लैग्वेज का उपयोग किस तरीके से किया जाता है तथा इसके लाभ एंव महत्व के बारे में भी जानकारी दी इस अवसर पर बी.सी.ए के समस्त विद्यार्थी एवं समस्त गेस्ट लेक्चरर, उपस्थित रहे।



नवभारत 23/2/23

## दिग्विजय महाविद्यालय में व्याख्यान आयोजित

राजनांदगांव. शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव के कंप्यूटर एप्लीकेशन विभाग के द्वारा 22 फरवरी को प्राचार्य डा.के.एल. टांडेकर एवं विभागाध्यक्षा श्रीमती हेमपुष्पा के नेतृत्व में कौशल विकास योजनान्तर्गत आब्जेक्ट ओरिएंटेड प्रोग्रामिंग टेक्निक्स पर व्याख्यान का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में प्रो दिलीप कुमार साहू, शासकीय वीवाईटी स्वसाशी महाविद्यालय दुर्ग से उपस्थित हुए. हेमपुष्पा, विभागाध्यक्षा कंप्यूटर एप्लीकेशन द्वारा प्रो दिलीप साहू का स्वागत किया गया. कार्यक्रम में आब्जेक्ट ओरिएंटेड प्रोग्रामिंग टेक्निक्स अंतर्गत प्रोग्रामिंग लैंग्वेजस साफ्टवेयर डेवलपमेंट में ओओपीएस लैंग्वेज के उपयोग एवं टेक्नीक्स के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान किया गया, जो की छात्रा -छात्राओं के लिए लाभदायक रहा। इस अवसर पर प्रो. हेमपुष्पा, प्रो. राजू खूंटे एवं समस्त अतिथि व्याख्याता उपस्थित थे.





**<u>07 दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम</u> :–** प्राचार्य डॉ के.एल.टांडेकर के निर्देषानुसार, कम्प्यूटर एप्लीकेषन, कम्प्यूटर सांइस एवं आई.क्यू.ए.सी. के संयुक्त तत्वाधान में टीचिंग एवं नान टीचिंग स्टाफ के लिए दिनांक 10.12.2022 से 17.12.2022 तक 07 दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन कम्प्यूटर विभाग में किया गया। कार्यक्रम के उद्बोधन में प्राचार्य महोदय ने इस प्रोग्राम को दैनिक जीवन में आफिस कार्यो के साथ–साथ निजी जीवन के लिए भी उपयोगी बताया। प्रथम दिन के प्रषिक्षक प्रो.श्रीमती रोहिणी समरिथ थी जिन्होनें डब्लू.पी.एस. डाक्यूमेंट के बारे में बताया। दूसरे दिन प्रो. महेष्वरी ने डब्लू.पी.एस. एक्सेल के बारे में जानकारी दिया, कार्यक्रम के तीसरे दिन प्रो. श्रीमती प्रियंका दास ने डब्लू.पी. एस. शीट के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दिया, चौथे दिवस प्रो. रामवतार ने जीमेल और गूगल डाइव के बारे में बताया, पांचवे दिन प्रो. लक्ष्मण देवांगन ने ब्रोषर एवं सर्टिफिकेट आनलाईन किस तरह से तैयार किया जाता है, के बारे में बताया, छठवे दिन प्रो. रविन्द्र ने गूगल अस्सिटेट एवं गूगल फार्म के बारे में जानकारी दिया एवं अंतिम दिवस प्रो. पायल साहू ने

की–बोर्ड लेआउट के साथ फोल्डर बनाने के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दिया। कार्यक्रम के अंतिम दिवस पर टीचिंग एवं नान टीचिंग स्टाफ को फीडबैक फार्म भराया गया एवं सर्टिफिकेट प्रदान किए गए तथा प्राचार्य महोदय के द्वारा प्रषिक्षक को मूमेन्टो प्रदान किए गए ।




**<u>पोस्टर प्रस्तुति</u> :–** दिनांक 17.12.2022 को कम्प्यूटर एप्लीकेषन विभाग के बी.सी.ए.–प्रथम सेमेस्टर के छात्र– छात्राओं के द्वारा कम्प्यूटर के उपयोग से संबंधित पोस्टर प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शासकीय दिग्विजय महाविघालय के प्राचार्य डॉ के. एल.टांडेकर एवं निर्णायक के रूप में श्री ललित प्रधान आर्य, सहायक प्राध्यापक संस्कृत, श्री हीरेन्द्र बहादुर ठाकुर, सहायक प्राध्यापक इतिहास, सुश्री वंदना मिश्रा, सहायक प्राध्यापक केमेस्ट्री एवं श्री शरद तिवारी अतिथि व्याख्यता उपस्थित हुए। पोस्टर प्रजेन्टेषन में विद्यार्थियों के Confidence, Creativity & Activity को परखा गया। मुख्य अतिथि प्राचार्य महोदय द्वारा छात्र–छात्राओं के मेहनत एवं उनके कौशल की सराहना की गई । अंत में निर्णायक के रूप में उपस्थित अतिथियों द्वारा वांछित पैमाने को देखते हुए मार्किंग किया गया एवं परिणाम की घोषणा किया गया । कार्यक्रम में कम्प्यूटर एप्लीकेशन विभाग की विभागाध्यक्ष श्रीमती

हेमपुष्पा , कम्प्यूटर साइंस विभाग के विभागाध्यक्ष श्री राजू खूंटे एवं समस्त अतिथि व्याख्यता भी उपस्थित रहे।




**<u>विष्व कम्प्यूटर साक्षरता दिवस :–</u>** विष्व कम्प्यूटर साक्षरता दिवस के अवसर पर दिनांक 02.12.2022 को कम्प्यूटर एप्लीकेषन एवं कम्प्यूटर सांइस विभाग के संयुक्त तत्वाधान में एवं प्राचार्य महोदय के निर्देषन में कम्प्यूटर के विद्यार्थियों के लिए क्वीज प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें कम्प्यूटर एवं प्रतियोगी परीक्षा से संबंधित प्रष्न पूछे गए। प्रतियोगिता में छात्र–छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। कार्यक्रम में कम्प्यूटर एप्लीकेषन विभाग की विभागाध्यक्ष श्रीमती हेमपुष्पा , कम्प्यूटर साइंस विभाग के विभागाध्यक्ष श्री राजू खूंटे एवं समस्त अतिथि व्याख्यता भी उपस्थित रहे।



## वलर्ड कम्प्यूटर लिट्रेसी डे पर क्विज काम्पटीशन का आयोजन

**राजनांदगांव.** महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.के. एल. टांडेकर के मार्गदर्शन तथा विभागाध्यक्ष प्रो. राजू खूंटे के निर्देशन में 2 दिसंबर को ह्लवर्ल्ड कम्प्यूटर लिट्रेसी डे ह्व के उपलक्ष्य में कंप्यूटर साइंस एंड एप्लीकेशन डिपाटमेंट के विद्यार्थियों के लिए क्विज काम्पटीशन का आयोजन किया गया, जिसमे कंप्यूटर से जुड़े सवाल पूछे गये और विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया. क्विज काम्पटीशन में 3 ग्रुप क्रमशः ग्रुप ए ग्रुप बी एवं ग्रुप सी बनाये गये. जिसमे ग्रुप ए में रोहन राव, भूमिका,आयुष, जुनैराह, सार्थक, तृषा और ग्रुप बी में तुषार,नरेन्द्र,मुलेश्वरी ,भोजराज, आयुष,लिनेंद्र और ग्रुप सी में खुशी, वैशाली, अशियां, आर्यन, भूपेंद्र थे.

**अंतरविभागीय व्याख्यान माला का आयोजन** – कम्प्यूटर एप्लीकेशन विभाग एवं प्राचार्य महोदय के निर्देषानुसार विद्यार्थियों के सर्वागींण विकास हेतु अंतरविभागीय व्याख्यान माला का आयोजन किया गया जो कि क्रमशः है –

1. दिनांक 22.11.2022 को प्रो. विकास कांडे, केमिस्ट्री विभाग द्वारा ' सांइस का परिचय' विषय पर व्याख्यान दिया गया। जिसमें बी.सी.ए. के समस्त विद्यर्थियों उपस्थित हुए।
2. दिनांक 22.11.2022 को प्रो. हेमंत नंदागौरी, विधि विभाग द्वारा ' मूल अधिकार एवं मूल कर्तव्य' विषय पर व्याख्यान दिया गया। जिसमें पी.जी.डी.सी.ए. एवं डी.सी.ए के समस्त विद्यर्थियों उपस्थित हुए।

3. दिनांक 24.11.2022 को प्रो. दिव्या देषपांडे, संस्कृत विभाग द्वारा ' प्राचीन वैज्ञानिक परंपरा' विषय पर व्याख्यान दिया गया। जिसमें बी.सी.ए.–।।। के समस्त विद्यर्थियों उपस्थित हुए।
4. दिनांक 25.11.2022 को प्रो. रागिनी पराते, वाणिज्य विभाग द्वारा ' ई–कामर्स' विषय पर व्याख्यान दिया गया। जिसमें पी.जी.डी.सी.ए. के समस्त विद्यर्थियों उपस्थित हुए।
5. दिनांक 16.12.2022 को प्रो. अनिता शंकर, विभागाध्यक्ष अंग्रेजी विभाग द्वारा ' Importance of reading Skill' विषय पर व्याख्यान दिया गया। जिसमें बी.सी.ए. के समस्त विद्यर्थियों उपस्थित हुए।

